Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh

कक्षा - तीसरी                विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय : संज्ञा

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा में संज्ञा की परिभाषा तथा वाक्य में आए संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखो को समझने का प्रयास करेंगे तथा लिखेंगे।

संज्ञा की परिभाषा :- किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, जाति या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे राधा, पुस्तक, चण्डीगढ़, घोड़ा, बचपन आदि।

निम्नलिखित वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखो :-

1. वह मंदिर जा रहा है। — मंदिर
2. मोहन पढ़ रहा है। — मोहन
3. ताजमहल बहुत सुन्दर है। — ताजमहल
4. मोर नाच रहा है। — मोर
5. चारों तरफ़ हरियाली है। — हरियाली

कक्षा - तीसरी                विषय - हिन्दी व्याकरण

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

6. मोटापा सारी बीमारियों की जड़ है। मोटापा

7. माधव गाता है। माधव

8. घोड़ा दौड़ रहा है। घोड़ा

9. वह पतंग उड़ा रहा है। पतंग

गृहकार्य

सभी बच्चे ऊपर लिखी संज्ञा की परिभाषा तथा वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखो समझेंगे तथा अपनी-अपनी हिन्दी व्याकरण की कॉपी में लिखेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]

Tender Heart High School, Sector-33B, Chandigarh

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

उपविषय : लिंग बदलो

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा तीसरी में 'लिंग बदलो' को सीखेंगे। आपने पिछली कक्षा में भी लिंग बदलो किए थे। एक बार फिर हम इन्हें समझने का प्रयास करेंगे।

संज्ञा शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष अथवा स्त्री होने का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।
लिंग के दो भेद हैं :- 1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग।
पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं जैसे लड़का, पुरुष, पिता, भाई, हाथी आदि।
स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं जैसे लड़की स्त्री, माता, बहन, हथिनी आदि।
आइए, अब कुछ लिंग बदलो को बदलना सीखते हैं।

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| 1. दादा | दादी |
| 2. चाचा | चाची |
| 3. लड़का | लड़की |
| 4. राजा | रानी |

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

| | | |
|---|---|---|
| 5. | बेटा | बेटी |
| 6 | पिता | माता |
| 7. | मोर | मोरनी |
| 8. | धोबी | धोबिन |
| 9. | भाई | बहन |
| 10. | चूहा | चुहिया |
| 11. | घोड़ा | घोड़ी |
| 12. | बालक | बालिका |
| 13 | मामा | मामी |
| 14. | छात्र | छात्रा |
| 15. | बूढ़ा | बुढ़िया |

गृहकार्य

सभी बच्चे ऊपर दिए लिंग बदलो को हिन्दी व्याकरण की कॉपी में लिखेंगे तथा याद भी करेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]